# गंगा एक्सप्रेस-वे के किनारे उन्नाव में खुलेगा कैन प्लांट

**अच्छी खबर 1**

**1300** पोलैंड की कंपनी उन्नाव मे 1300 करोड़ से प्लांट लगाएगी

**5000** लोग सीधे तौर पर संयंत्र स्थापित होने पर पाएंगे रोजगार

लखनऊ, विशेष संवाददाता। उत्तर प्रदेश में एक्सप्रेसवे के किनारे निवेश परियोजनाएं लगने की शुरुआत जल्द होगी। बहुराष्ट्रीय कंपनी कैनपैक गंगा एक्सप्रेसवे के किनारे उन्नाव में एक विशाल कैन निर्माण संयंत्र स्थापित करेगी। खाद्य एवं पेय पदार्थों के लिए एल्युमीनियम, स्टील व कांच की बोतलें निर्माण की कंपनी कैनपैक भारत में पहले से ही कई संयंत्र का संचालन कर रही है।

यूपी में उसने पहली बार दस्तक दी है। बीयर, इनर्जी ड्रिंक, साफ्ट ड्रिंक व अन्य पेय उत्पादों की पैकिंग में इस्तेमाल होने वाले कैन का निर्माण इसमें होगा। इस निवेश परियोजना के जरिए 1300 करोड़ रुपये खर्च करेगी जबकि इसके जरिए 5000 लोगों को रोजगार मिलेगा। यूपीडा ने करार के तहत उन्नाव में उसे जमीन उपलब्ध करवाई है।

यूपी सरकार ने गंगा एक्सप्रेसवे के निर्माण को समय से पूरा कराने के लिए निर्माणकर्ता कंपनियों को 420 करोड़ रुपये जारी करने का निर्णय लिया है।